हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 13 जून 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

4 अवैध रुप से हो रहा मुरुम का उत्खनन वाहनों को लाने-ले जाने पाट दी नहर



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2

(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

## नियमों की उड़ रही धज्जियां, सो रहा जिम्मेदार विभाग

# टुकड़ों में बिक रहे खेत-खलिहान, जगह जगह गुलजार हो रही अवैध कालोनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के जमीनों पर अवैध प्लाटिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जमीन की अवैध प्लाटिंग कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि लंबे समय से इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते भूमि माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। वहीं जिम्मेदार विभाग कुंभकर्णीय निद्रा में है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले की पहचान प्रदेश के सर्वाधिक घनी आबादी वाले जिलों में की जाती है। ऐसे में यहां आकर लोग जमीन खरीद कर रहना चाहते हैं। जांजगीर शहर से लगे आसपास के गांव खोखरा, खोखसा, बनारी, कुलीपोटा, दर्राभाठा, मुनंद समेत आसपास गांव के खेती योग्य कृषि भूमि को कम दामों में खरीद कर उसे अवैध रूप से प्लाटिंग कर बेचने का काम भू माफिया कर रहे हैं। भूमि माफियाओं के द्वारा जमीन की खरीदी करने के दौरान इस बात की गारंटी दी जाती है कि इन जमीन पर खेती किसानी का काम करके फसल लगाया जाएगा लेकिन इस तरह की कोई गतिविधियां नजर नहीं आ रही है। कृषि भूमि को भू माफियाओं द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर उसे प्लाटिंग के रूप में बेचने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के लोग अपने जरूरत के हिसाब से हर साल बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदी करते हैं ताकि अपना खुद का मकान होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहरों में आकर अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई की समुचित सुविधा दे सके। इसी का फायदा भू माफिया उठा रहे है। कई भू माफिया जिला मुख्यालय से लगे गांव की कृषि भूमि को किसानों से कम दाम पर खरीदने के बाद अवैध रूप से प्लाटिंग कर अधिक दाम में बेचने का काम लगातार कर रहे हैं। वहीं इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते इन भूमि माफियाओं के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत की ज्यादातर जमीन खेती करने के योग्य है लेकिन इन जमीन का उपयोग अवैध रूप से प्लाटिंग के रूप में किया जा रहा है। लंबे समय से इस दिशा में कार्रवाई नहीं होने से भूमि माफियाओं का खेल जारी है।



### तो राखड़ के ऊपर खड़े किए जाएंगे रिहायशी मकान

जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा के बीच कुछेक कालोनी नाला और सड़क किनारे डेवलप की जा रही है। खास बात यह है कि मुख्य सड़क से 20- 25 फीट गहरी जमीन को लेबल में लाने के लिए प्लांट से निकला राखड़ पाटा जा रहा है। इसके ऊपर में मिट्टी फीलिंग करके समतलीकरण का काम किया गया है। अब सवाल यह है कि जिस भूमि के आधार में 20 से 25 फीट तक राखड़ पाटा गया है, उस पर नीव डालकर तैयार किए जाने वाले रिहायशी मकानों का भविष्य क्या होगा। बहरहाल राखड़ पाटकर समतल की गई जमीन में कालोनी निर्माण का काम बेरोकटोक हो रहा है।

### राजस्व विभाग के मैदानी अमले की भूमिका संदिग्ध

जिला मुख्यालय जांजगीर समेत आसपास के गांवों में डेवलप हो रही अवैध कालोनियों को संरक्षण देने में राजस्व विभाग के मैदानी अमले की भूमिका अहम मानी जाती है। जानकारों के मुताबिक संबंधित पटवारी, आरआई ही नहीं उनके ऊपर के अधिकारियों को भी इस बात की पूरी जानकारी है कि कहां-कहां अवैध प्लाटिंग हो रही है। बावजूद इसके इस दिशा में आज तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।

### कर रहे कार्रवाई

अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर कार्रवाई करते है। कुछ जगहों की शिकायत मिली है, जिनकी सुनवाई भी चल रही है और भी प्रकरण दर्ज किए जाएंगे।

-सुब्रत प्रधान
एसडीएम, जांजगीर

# सायबर ठगों ने ई-मेल हैकिंग करके पीआईएल को लगाया 28 लाख का चूना

## पुलिस तकनीकी बिन्दुओं पर कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिले के चांपा स्थित पीआईएल संस्थान को साइबर ठगों ने बेहद शातिर तरीके से अपना निशाना बनाया है। ई-मेल हैकिंग और फर्जी बैंक खाते के जरिए ठगों ने कंपनी से 28 लाख रुपये की बड़ी रकम हड़प ली। इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

इस संबंध में जानकारी के मुताबिक चांपा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज का राउरकेला की एक कारोबारी फर्म के साथ रॉ मटेरियल की खरीद-बिक्री को लेकर नियमित लेन-देन होता है। इसी दौरान साइबर अपराधियों ने कंपनी और सप्लायर के बीच चल रहे ई-मेल संवाद में सेंध लगा दी। ठगों ने सप्लायर के नाम से फर्जी ई-मेल भेजकर नया बैंक खाता बताने का झांसा दिया और भुगतान उसी खाते में जमा कराने को कहा। कंपनी प्रबंधन ने ई-मेल को असली समझकर 28 लाख रुपये संबंधित खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब सप्लायर ने भुगतान नहीं मिलने की जानकारी दी, तब पूरे फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ। जांच में सामने आया कि अज्ञात साइबर ठगों ने ई-मेल हैकिंग के जरिए यह पूरी साजिश रची थी। प्रकाश इंडस्ट्रीज के अधिकारी विनय दास की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।




### फर्जी खातों और ई-मेल आईडी खंगाल रही पुलिस

पुलिस अब ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों, ई-मेल आईडी और डिजिटल ट्रांजेक्शन की बारीकी से जांच कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि साइबर अपराधी अब व्यापारिक संस्थानों को निशाना बनाकर फर्जी ई-मेल और बैंक डिटेल्स के जरिए करोड़ों की ठगी को अंजाम दे रहे हैं। इधर देखा जाए तो सायबर ठग आम लोगों से धोखाधड़ी तो करते ही है। अब इन सायबर ठगों की नजर बडे बड़े कंपनियों पर भी पडने लगी है। इसी के तहत ठगों ने चांपा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज कंपनी को राउरकेला में 28 लाख रुपए का चूना लगाया है। इस मामले को लेकर कंपनी के अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की है।

### भुगतान से पहले बैंक खाते की जानकारी जरूरी

चांपा पुलिस ने सभी औद्योगिक और व्यापारिक संस्थानों से अपील की है कि किसी भी भुगतान से पहले बैंक खाते की जानकारी की स्वतंत्र रूप से पुष्टि जरूर करें। केवल ई-मेल के आधार पर खाते में रकम ट्रांसफर करना भारी नुकसान का कारण बन सकता है।

### की जा रही जांच

सायबर ठगों द्वारा ई मेल हैकिंग करके प्रकाश इंडस्ट्रीज को 28 लाख का चूना लगाया गया है। प्रथम दृष्टया यह ई-मेल आधारित साइबर फ्रॉड का मामला प्रतीत हो रहा है और पुलिस सभी तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है।

-योगिता बाली खापर्डे,
सीएसपी, जांजगीर

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री जिले को कल देंगे विकास कार्यों की सौगात



**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोंड़ी (राछा) के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) में आयोजित सत्य निज नाम सत्संग सम्मलेन में भी शामिल होंगे। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थय मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विशिष्ट अतिथि छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक पामगढ़ शेषराज हरबंश, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, अध्यक्ष छ.ग. खनिज विकास निगम सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत गगन जयपुरिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ श्रीमती कांता कश्यप, ग्राम पोड़ी सरपंच श्रीमती सरोजनी आशिकर होंगे।

### 314 भू-विस्थापित श्रमिक हड़ताल पर

**डभरा।** ग्राम बाड़ादरहा स्थित डीबी पावर लिमिटेड में कार्यरत 314 भू-विस्थापित श्रमिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 10 जून से अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण हड़ताल और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। श्रमिकों का आरोप है कि वे पिछले 15-16 वर्षों से कंपनी में कार्यरत हैं, लेकिन आज तक उन्हें स्थायी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला। उनका कहना है कि पूर्व में हुए आंदोलन के दौरान प्रबंधन ने स्थायीकरण का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं किया गया। हड़ताली श्रमिकों की प्रमुख मांगों में एफटीसी कर्मचारियों का स्थायीकरण, नया वेतन पुनरीक्षण (पे-रिवीजन), वेतन वृद्धि तथा अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन की बैठक 15 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन की बैठक सोमवार 15 जून को आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन की बैठक दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस दौरान बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की जाएगी।

# शार्ट सर्किट से मोबाइल दुकान में लगी आग



दुकान में लगी आग को बुझाते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर के बांबे मार्केट स्थित हाईटेक मोबाइल शॉप में शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग दुकान के बाहरी हिस्से में लगी, जिससे आसपास के क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान के बाहर विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट होने के बाद चिंगारी निकली और आग भड़क उठी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों और दुकानदारों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे आग पर समय रहते काबू पा लिया गया।गनीमत रही कि आग दुकान के अंदर तक नहीं पहुंची, जिससे कोई बड़ा नुकसान या जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग लगने से बाहरी हिस्से में कुछ नुकसान होने की सूचना है।घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने विद्युत विभाग से पुराने एवं जर्जर तारों की जांच कर आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।स्थानीय नागरिकों ने समय पर आग पर नियंत्रण पाने में सहयोग करने वाले लोगों की सराहना की। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस आगजनी की घटना को लेकर जानकारी जुटा रही है।

### 16वीं छग सीनियर स्टेट नेटबॉल प्रतियोगिता का आगाज आज से

**जांजगीर-चांपा।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 13 जून से जांजगीर के हाई स्कूल मैदान पर दो दिवसीय 5वीं छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन होने जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 17 जिलों के 440 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 जून को शाम 6 बजे होगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रेखा देवा गढेवाल,नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठोर, सुब्रत प्रधान खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग की उपस्थिति रहेगी।

# बारिश पूर्व क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को हटाने की हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ससहा का मामला

ग्राम पंचायत ससहा में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई की गई है, ताकि गांव में बिजली व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके।

गौरतलब है कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जनसुरक्षा एवं विद्युत व्यवस्था की निरंतरता बनाए रखने के लिए उक्त पोल को शीघ्र हटाया जाना अत्यंत आवश्यक था। इस समस्या के समाधान हेतु पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा लगातार प्रयास किए गए तथा संबंधित विद्युत विभाग से निरंतर संपर्क एवं समन्वय स्थापित किया गया। जनप्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग और विद्युत विभाग की तत्परता के फलस्वरूप क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को सुरक्षित रूप से हटाने की कार्रवाई पूर्ण की गई। इस महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने से संभावित दुर्घटनाओं की आशंका समाप्त हुई है तथा ग्राम में विद्युत आपूर्ति का संचालन अधिक सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से सुनिश्चित हो सकेगा। ग्रामवासियों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं क्षतिग्रस्त विद्युल पोल हटने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि क्षतिग्रस्त विद्युत पोल से दुर्घटना की आशंका थी। ग्राम पंचायत ससहा द्वारा ग्रामवासियों की मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा से जुड़े विषयों पर निरंतर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।



क्षतिग्रस्त विद्युल पोल को हटाने की कार्रवाई करता अमला।

# नीट परीक्षा को लेकर सभी प्रोटोकाल का पालन करें अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नीट परीक्षा की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्ष, आब्जर्वर एवं नोडल अफसरों की बैठक ली। इस बीच परीक्षा को लेकर सभी प्रोटोकाल का पालन करने निर्देशित किए।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आगामी नीट यूजी - 2026 परीक्षा की सुचारु संचालन एवं तैयारियों को लेकर परीक्षा केन्द्र प्रभारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी केंद्र अध्यक्षों से परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने परीक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का पालन करें एवं समय सीमा में सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनटीए के अनुसार इस बार परीक्षा अवधि दोपहर 2 बजे से 5:15 तक रहेगी। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा। परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की गयी कि एनटीए द्वारा पुनः जारी एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर प्रिंट ले लेवें एवं आबंटित परीक्षा केंद्र में निर्धारित समय पर पहुँचें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी, केंद्र अध्यक्ष, सिटी कोऑर्डिनेटर, आबसर्वर एवं नोडल प्रशासनिक अधिकारी उपस्थिति थे।




## जनरल परेड के बाद पुलिस लाइन में हुआ बलवा ड्रिल

# आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने पुलिस ने किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भीड़ ि नयंत्रण, आपातकालीन परिस्थितियां एवं बलवा से निपटने को लेकर पुलिस के जवानों ने ड्रिल अभ्यास किया। इस दौरान एसडीओपी, सीएसपी एवं यातायात निरीक्षक समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार 12 जून को प्रातः पुलिस लाइन जांजगीर में जनरल परेड के पश्चात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। कानून -व्यवस्था बनाए रखने के लिए जवानों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश अभ्यास के दौरान पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, दंगाई गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने संबंधी विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों द्वारा बलवा नियंत्रण में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित रक्षित निरीक्षक प्रदीप पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों को समझाइश देते हुए कहा कि कानून- व्यवस्था ड्यूटी के दौरान भीड़- भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता एवं संयम के साथ कार्य करना आवश्यक है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को सदैव तैयार रहने तथा आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बलवा ड्रिल अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की कार्यकुशलता, समन्वय एवं आपदा अथवा आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को बढ़ाना रहा। बलवा ड्रिल के माध्यम से पुलिस जवानों ने विभिन्न परिस्थितियों में भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का सफल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, रक्षित निरीक्षक प्रदीप जोशी, निरीक्षक रामकुमार जैन यातायात, निरीक्षक सावन कुमार सारथी थाना पामगढ़ प्रभारी, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा, निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय, निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी अजाक, उपनिरीक्षक दिलीप सिंह थाना प्रभारी बम्हनिडीह, जिले के प्रशिक्षु उपनिरीक्षक सहित जिले के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



बलवा ड्रिल का अभ्यास करते पुलिस के जवान।

# 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

अवैध शराब बिक्री पर पुलिस सहायता केंद्र राहौद ने कार्रवाई करते हुए 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राहौद राजेंद्र सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी अमृत लाल सूर्यवंशी उर्फ मुँचू निवासी बूंदेला, भूतहापारा को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमत 3 हजार रुपये बरामद की जाकर, शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। उपरोक्त कार्यवाही में एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में पुलिस सहायता केंद्र राहौद स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### वार्ड क्रमांक 24 में सीएसआर मद से हुई बोर की खुदाई

**कुसमुंडा।** गेवरा बस्ती चुनचुनी वार्ड 24 में सीएसआर की मद से गेवरा एरिया प्रबंधक और बांकीमोगरा नगर पालिका के पार्षदों के प्रयास से बोर की खुदाई की गई। गेवरा बस्ती के कई अन्य वार्ड में भी पानी की समस्या बनी हुई थी वह नए बोर के होने से दूर होगी, पहले बांकी व अन्य क्षेत्र से पानी सप्लाई की जाती थी। जिसमें अक्सर गेवरा बस्ती के क्षेत्रवासियों को पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बोर हो जाने से क्षेत्र में पानी की समस्या कम होगी बोर के उद्घाटन अवसर पर वार्ड पार्षद राजकुमार कंवर, अमीना राकेश पटेल, प्यारेलाल दिवाकर, इंद्रजीत बिंजवार राहुल केवट, पीआईसी सदस्य श्रवण कुमार की उपस्थिति पर क्षेत्र के लिए नए बोर का उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को पानी की समस्याओं से दूर करने का प्रयास किया गया।

### 26 तक लगेंगे जोनवार शिविर

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किये जा रहे पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर की अगली कड़ी में कोसाबाडी जोन में ही पुनः 12 जून को, पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन में 15 व 16 जून को, बालको जोन में 18 व 19 जून को, दर्री जोन में 22 व 23 जून को तथा सर्वमंगला नगर जोन को 25 व 26 जून को स्वनिधि महोत्सव शिविर के आयोजन किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित तिथियों में आयोजित होंगे।

### निगम क्षेत्र में स्वीकृत हैं 4027 नये आवासगृह

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 4027 नये आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनमें से लगभग 3500 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र व भवन अनुज्ञा दी जा चुकी है तथा शेष का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में 1201 हितग्राहियों ने आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है तथा यह कार्य प्रगति पर है, शेष हितग्राही निर्माण कार्य प्रारंभ करने में विलंब कर रहे हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन हितग्राहियों से अपील करते हुये कहा है कि वे तत्काल आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करायें, समयसीमा में कार्य को पूरा करें तथा गृहप्रवेश सम्मान योजना का अतिरिक्त लाभ प्राप्त करें।

### आईटीआई चोरभट्ठी में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चोरभट्ठी जिला कोरबा में सत्र 2026-27 में व्यवसाय कोपा में 48 सीट एवं फिटर में 20 सीटों में प्रवेश होना है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### कोटमेर विचरण कर रहा हाथियों का झुंड

**कोरबा।** कोरबा वनमण्डल के करतला कोटमेर परिक्षेत्र में विचरण कर रहे 13 हाथियों का झुण्ड रात्रि विचरण करते हुए करतला से कोरबा रेंज के गेरांव बिट सेउरमार के जंगल क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। वही 5 नग हाथियों का झुण्ड कोई बिट के पहाड़ी क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। कोरबा वनमंडल के करतला और कोरबा रेंज के जंगलों में अचानक 18 हाथियों का एक बड़ा झुंड पहुंच गया है। हाथियों की मौजूदगी से सीमावर्ती ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही वन विभाग तुरंत हरकत में आ गया है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हाथियों को खदेड़ने वाली विशेष हुल्ला टीम को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। वन विभाग के अधिकारी और हुल्ला टीम के सदस्य लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है। लोगों को सख्त हिदायत दी जा रही है कि वे शाम ढलने के बाद जंगलों की तरफ न जाएं और हाथियों के दिखने पर उन्हें कतई न छेड़ें।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं ने प्रतिष्ठित खेल हस्तियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा की बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 पहल के तहत बालिकाएं प्रतिष्ठित खेल हस्तियों से मिलीं। एनटीपीसी कोरबा ने युवा (जेम) बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 की रोल मॉडल पहल के तहत दो संवाद सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में, भारतीय फुटबॉल की प्रतिष्ठित खिलाड़ी किरण पिस्दा और उत्कृष्ट निशानेबाज श्रुति यादव ने (जेम) बालिकाओं से बातचीत की। उनकी जीवन यात्राएं प्रतिभागियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनीं।

इस दौरान फुटबाल खिलाड़ी किरण पिस्दा ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की, जिसमें उन्होंने एक छोटे शहर की बालिका से भारतीय फुटबॉल के राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने की कहानी बताई। उन्होंने सफलता प्राप्त करने में अनुशासन, टीम भावना, और कठोर परिश्रम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ निश्चयी और आत्मविश्वासी बने रहने के लिए प्रेरित किया। किरण ने कहा अपने सपनों पर विश्वास रखें, प्रतिदिन परिश्रम करें और चुनौतियों से

### एनटीपीसी ने आयोजित किए संवाद सत्र



अनुभव साझा किए। उन्होंने लड़कियों को खेलों और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और बताया कि इससे उनमें नेतृत्व क्षमता, टीम के साथ मिलकर काम करने की भावना, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होती है। एक अन्य सत्र में श्रुति यादव ने एक पेशेवर निशानेबाज के रूप में अपने अनुभव साझा किए और बताया कि लक्ष्य आधारित खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन, और मानसिक दृढ़ता कितनी आवश्यक होती है। उन्होंने बालिकाओं को चुनौतियों और असफलताओं के बावजूद अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध बने रहने के लिए प्रेरित किया। अपने विचार सांझा करते हुए श्रुति ने कहा (जेम) बालिकों से कहा कि अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहें, निरंतर सीखती रहें और कभी हार न मानें।

सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है जो धैर्यवान, अनुशासित और अपने उद्देश्य के प्रति समर्पित रहते हैं। उन्होंने आत्मविश्वास, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति तथा विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व पर भी बल दिया। उनके प्रेरक अनुभवों और व्यावहारिक सुझावों ने प्रतिभागियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नेवसा का मामला

# थानेदार की पिटाई से क्षुब्ध दो युवकों ने टंकी पर चढ़कर किया आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो युवकों को पकड़कर थानेदार ने जमकर पिटाई करने का आरोप लगाया है और दोनों युवक गांव की पानी टंकी में चढ़कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा भी किया है। दोनों युवक पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या का प्रयास भी कर रहे थे। जब इसकी सूचना प्रशासन व पुलिस को मिली तो आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचे और पानी टंकी में चढ़कर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहे दोनों युवकों को किसी तरह समझा बुझाकर नीचे उतारा गया। पुलिस ने फिलहाल मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम नेवसा निवासी रफीक मोहम्मद एवं दीपेश निर्मलकर ने थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना के ऊपर आरोप लगाया है कि मंगलवार को ग्राम सिरली के पास उन्हें बेवजह पकड़ कर थाना ले जाया गया और जुआ खेलाते हो ऐसा कहते हुए उनके साथ लाठी डंडा एवं बेल्ट से बेहरमी से मारपीट की गई। दोनों युवकों ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने के बाद उनका डाक्टरी परीक्षण के लिए दीपका अस्पताल ले जाकर भागते हुए गिर गए हैं का जबरन झूठा बयान लिया गया है साथ ही यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि उनसे 23,500 रुपए नगद भी लिया गया है। इस पूरे मामले से क्षुब्ध होकर रफीक मोहम्मद व दीपेश निर्मलकर गुरुवार की सुबह लगभग 7 बजे आत्महत्या करने की नियत से अपने ही गांव नेवसा सुपेतपारा के पानी टंकी पर चढ़ गए , तेज बारिश होने के बावजूद टंकी से उतरने का नाम नहीं ले रहे थे । जोर-जोर से चिखते चिल्लाते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे थे। जैसे ही जिला प्रशासन व पुलिस के अफसरों को इसकी सूचना मिली। तहसीलदार व दर्री सीएसपी विमल पाठक दल बल सहित मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को समझाईश दी गई और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद दोनों युवक पानी टंकी से नीचे उतरे।





### बेवजह बनाया जा रहा दबाव

इस पूरे प्रकरण को लेकर हरदीबाजार प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठित जुआड़ियों द्वारा कार्रवाई न हो इसके लिए पुलिस पर दबाव बनाने के लिए यह षडयंत्र रचा गया है। दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 151 के तहत कार्यवाही भी की गई है। दोनों युवक जुआजडियों की धरपकड़ न हो मुखबिरी का काम करते हैं। पुलिस पर बेवजह दबाव बनाया जा रहा है।

### मामले की हो रही है जांच

दो युवकों ने पानी टंकी में चढ़कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा मामले की प्रारंभिक जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा दोनों युवकों के खिलाफ पूर्व में मामला भी दर्ज किया गया है।

-**विमल पाठक,** सीएसपी दर्री

### पुलिसिया जांच के स्पष्ट होगा पूरा मामला

पुलिस सूत्र बताते हैं कि यह पूरा मामला अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा का निवासी हरि पिछले कुछ वर्षों से हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नेवासा में निवास कर रहा है और उसके द्वारा और उसके अन्य साथियों के द्वारा हरदीबाजार थाना क्षेत्र के बॉर्डर के जंगल में जुए का अवैध कारोबार संचालित करने की सूचना लगातार पुलिस को मिल रही थी। जब भी पुलिस इस जुए के फड़ को पकड़ने पहुंचती तो इससे पहले ही मुखबिरी हो जाती और जुआड़ी मौके से भाग जाते थे। हरदीबाजार पुलिस अवैध कारोबार को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिसिया जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट होगा कि मामला आखिर क्या है जिन लोगों ने थानेदार पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन पर पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा मामले की गंभीरता से तहकीकात की जा रही है। जिसके बाद ही दूध का दूध और पानी होगा कि आखिर यह पूरा मामला क्या है और किसलिए पुलिस पर आरोप लगाया जा रहा है।



शाम को बारिश पूर्व आसमान में छाए बादल।

# शाम को तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश, शहर के कई इलाके डूबे अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी कोरबा और आसपास के इलाकों में गुरुवार की शाम मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। चिलचिलाती धूप और उमस के बीच शाम होते ही आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते पूरा इलाका भीषण आंधी-तूफान की चपेट में आ गया। तेज अंधड़ के साथ हुई झमाझम बारिश ने जहाँ लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर इसने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है और आंधी तूफान की वजह से अंधेरे में डूब गए।

- लाल घाट में आधे घंटे की बारिश ने रोकी रफ्तार, हाईवे बना तालाब

मौसम में आए इस अचानक बदलाव और चक्रवाती तूफान की वजह से शहर के कई हिस्सों में नुकसान की खबर है। झमाझम बारिश व आंधी तूफान का असर पाड़ीमार जोन व तुलसीनगर जोन के कई इलाके अंधेरे में डूब गए हैं।

इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा असर शहर की बिजली व्यवस्था पर पड़ा है। तेज आंधी-तूफान के कारण कई मुख्य विद्युत लाइनों पर पेड़ की डालियां गिर गईं, जिससे इंसुलेटर ब्लास्ट हो गए और कई बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। सुरक्षा के लिहाज से और तकनीकी खराबी के कारण पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। लेकिन मौसम शांत होते ही विद्युत वितरण विभाग के डीई राजेश चौहान स्वयं मैदान में उतरे और अधिकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर एक एक क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को बहाल करना शुरू किया गया और देर रात तक शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बहाल कर लिया गया।

### एनएच- 130 पर जलभराव से लगा जाम

**कोरबा।** अम्बिकापुर रोड नेशनल हाईवे-130 पर पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के लाल घाट के पास में तेज बारिश के बाद गंभीर जलभराव की स्थिति बन गई। महज आधे घंटे की मूसलाधार बारिश ने सड़क को तालाब में तब्दील कर दिया, जहां करीब 2 से 3 फीट तक पानी भर गया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार इस इलाके में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में यही समस्या सामने आती है। पुल के पास केवल छोटे-छोटे होल बनाकर पानी निकालने की कोशिश की गई है, जो तेज बारिश में नाकाफी साबित हो रही है। स्थिति ऐसी बन गई कि भारी वाहन जैसे ट्रक पानी के बीच से गुजरते रहे, लेकिन कार और



मोटरसाइकिल चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दोपहिया सवार सड़क किनारे रुककर पानी कम होने का इंतजार करते नजर आए जबकि कुछ लोग जोखिम उठाकर किनारे-किनारे से वाहन निकालते दिखे। स्थानीय निवासी ब्लाक कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष भोला गोस्वामी ने बताया की लाल घाट के पास हर साल बारिश में पानी भर जाता है और जाम की स्थिति बनती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते। स्थानीय लोगों ने भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस समाधान नहीं किया गया तो पूरे बरसात के मौसम में यहां आवागमन बाधित होता रहेगा।

# महापौर एवं आयुक्त ने स्वनिधि महोत्सव शिविर का किया निरीक्षण

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने गुरुवार को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंटकर उनके ऋण प्रकरणों व जमा किये गये आवेदनों पर चर्चा की।

उन्होंने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्व में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराते हुये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करें तथा शिविर में हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहे आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये उन्हें योजना का लाभ दिलवायें। निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न तिथियों में स्वनिधि महोत्सव



का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजनांतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ने तथा पथ विक्रेताओं के लिये सूक्ष्म ऋण पहुंच, सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने आदि से जुडे. विविध कार्य किये जा रहे हैं। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया, शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंट मुलाकात की, उनके ऋण प्रकरणों व जमा कराये गये आवेदनों पर चर्चा की। शिविर के दौरान वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, अजय गोंड़, चन्द्रकली जायसवाल, पंकज देवांगन, नोडल अधिकारी पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक नोडल अधिकारी तपन तिवारी, लीड बैंक मैनेजर कृष्ण भगत, एफ.एल.सी. बी.चन्द्रशेखर, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, दीपक यादव, मनोज राजपूत, अरविंद कुर्रे, आदि सहित विभिन्न बैंकर्स के प्रतिनिधि, सामुदायिक संगठक व काफी संख्या में हितग्राहीगण उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम हथनेवरा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक / 6589/लायसेंस शाखा/पे.पंप /2026 जांजगीर दिनांक 01.06.2026 आंशुमन मुरारका डायरेक्टर तिरूपति मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड निवासी बिर्रा रोड़ चांपा तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम हथनेवरा तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 506 में जारी एन.ओ.सी. में अतिरिक्त भूमि ख.नं. 497 रकबा 0.1210 हे., 1462/4 एवं 1462/5 रकबा 0.2990 हे. सम्मिलित करने हेतु मय ले-आउट प्लान (02 नग) संलग्न कर कलेक्टर महोदय जिला-जांजगीर चांपा को प्रस्तुत किया गया है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चांपा के माध्यम से अभिमत सहित प्रतिवेदन चाही गई है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 25.06.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार, चांपा

# राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष ने किया डोगानाला वन धन विकास केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला का निरीक्षण छग राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूप साय सलाम ने किया। उनके साथ इस दौरान जिला यूनियन कटघोरा वनमंडल कटघोरा के जिला यूनियन अध्यक्ष संतोषी बाई अगरिया, सांसद प्रतिनिधि सरदेशी राम देवागन, जिला यूनियन कटघोरा के संघ प्रतिनिधि वेद प्रताप सिंह, उप वनमंडलाधिकारी कटगोरा संजय त्रिपाठी, उप वनमंडलाधिकारी पाली हितेश ठाकुर, उप प्रबंध संचालक एके



मिश्रा, वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला के फार्मासिस्ट डॉ. राघवेन्द्र सिंह, अजय कुमार साय, वनक्षेत्रपाल, योगेश कुमार बंजारे, वनक्षेत्रपाल, जी व्ही रमणराव, लेखापाल, विजेन्द्र कुमार शर्मा, सीनियर एक्जीक्यूटिव, जिला यूनियन कटघोरा, आर एन शुक्ला, कनिष्ठ लेखापाल, भोलाराम प्रजापति, लाख मैनेजर, हरिबोल स्व-सहायता समूह के समस्त सदस्य शामिल थे।

रूप साय सलाम ने कक्ष में लगाये गये दर बोर्ड की सूची देख कर उत्पाद के मूल्य के बारे में जानकारी ली गई। समूह द्वारा पूर्व में मिले अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र का अवलोकन कराया गया।

### फ्लाई ऐश प्रबंधन के लिए गठित की जाए उच्च स्तरीय जांच समिति : जयसिंह

**कोरबा।** मानिकपुर ओपन कास्ट माइंस कोरबा क्षेत्र में फ्लाई ऐश के कथित अनियंत्रित संचयन, धूल प्रदूषण एवं पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोयला मंत्री किशन रेड्डी को पत्र लिखकर मामले की स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। श्री अग्रवाल ने कोयला मंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि कोयला मंत्रालय द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर भेजे गए उत्तर का परीक्षण करने पर यह प्रतीत होता है कि वास्तविक स्थल परिस्थिति एवं स्थानीय स्तर पर उत्पन्न समस्याओं का समुचित एवं तथ्यात्मक उल्लेख नहीं किया गया है।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# तनु वेड्स मनु 3 की शुरू होने वाली है शूटिंग ...

**मुंबई।** फिल्म फ्रेंचाइजी 'तनु वेड्स मनु' का तीसरा भाग 'तनु वेड्स मनु : द नेक्स्ट चैप्टर' की शूटिंग इसी साल शुरू होने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी साल कंगना रनौत स्टारर हिट फ्रेंचाइजी फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की घोषणा इरोज इनोवेशन द्वारा हाल ही में जारी की गई नई कंटेंट लिस्ट के दौरान की गई। फिल्म का निर्देशन मिताक्षरा कुमार करेंगी, जो इससे पहले 'हीरामंडी' और 'द एम्पायर' जैसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। इस फिल्म का निर्माण रुद्रक सोमा ज्योति लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा।

## लाइफ Style

# मदालसा

## 15 साल लीप के कारण छोड़ा शो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार प्लस के टॉप सीरियल अनुपमा में अनुपमा की सौतन काव्या का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मदालसा चक्रवर्ती ने अपने फिल्मी कॅरियर के साथ-साथ शो छोड़ने का कारण बताया। अनुपमा शो छोड़ते वक्त मुझे बिल्कुल भी डर नहीं लग , क्योंकि हम लाइफ में आगे बढ़ते हैं और 4 साल काम करना एक लंबा समय होता है।

शो 15 साल का लीप ले रहा था, इसलिए प्रोड्यूसर राजन शाही और मैंने फैसला लिया था कि मैं यह शो नहीं करूंगी। क्योंकि, 15 साल में आपका फेस बहुत बदल जाता है। मुझे स्क्रीन पर 15 साल ज्यादा ओल्डर नहीं दिखना था। यह तो एक गर्व की बात है कि आप ऐसे शो का हिस्सा रही हैं जो दर्शकों को बहुत पसंद आया है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मेरे पिता एक जाने माने डायरेक्टर- प्रोड्यूसर हैं। मेरी मां भी एक जाने मानी एक्ट्रेस रही हैं। मैं फिल्मी बैकग्राउंड से बिलॉन्ग करती हूं तो ऐसी कोई नई बात नहीं थी कि मैं एक अलग फील्ड से आई हूं। मेरे ससुर मिथुन चक्रवर्ती जी, मेरी सास सभी लोग फिल्म इंडस्ट्री से हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं कोई अलग इंडस्ट्री में हूं। आपको आपकी मेहनत से ही काम मिलता है, मुझे जो भी काम मिला है, मेरी मेहनत से मिला है। मैं इसी तरीके से आगे काम करना चाहूंगी। अगर आपको लंबी रेस का घोड़ा बनना है तो आपको अपना टैलेंट दिखाना पड़ेगा। मदालसा चक्रवर्ती (शर्मा) फिल्म के साथ-साथ टेलीविजन एक्ट्रेस हैं, उन्होंने सीरियल अनुपमा में वनराज शाह की दूसरी पत्नी और अनुपमा की सौतन काव्या शाह का किरदार निभाकर हर घर में अपनी खास जगह बनाई।



## हॉलीवुड मसाला



# डेनेरेस की मौत पर भड़की थीं एमिलिया

**नई दिल्ली।** फैंटेसी सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के कई किरदार आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। इनमें डेनेरेस तारगारयेन का नाम सबसे ऊपर आता है, जिसे ब्रिटिश अभिनेत्री एमिलिया क्लार्क ने निभाया था। हालांकि, सीरीज के आखिरी सीजन में डेनेरेस के साथ जो हुआ, उसने सिर्फ दर्शकों को ही नहीं, बल्कि खुद एमिलिया क्लार्क को भी हैरान कर दिया था। अब अभिनेत्री ने उस पल को याद करते हुए खुलासा किया है कि जब उन्हें अपने किरदार के अंत के बारे में पता चला तो वह बेहद गुस्से में थीं।




# द रॉक ने पूरे किए 30 साल जेल पर आधारित है कहानी

**नई दिल्ली।** आज से ठीक 30 साल पहले, 7 जून 1996 को माइकल बे की फिल्म द रॉक रिलीज हुई थी। शॉन कॉनरी, निकोलस केज और एड हैरिस की तिकड़ी की यह एक्शन थ्रिलर आज भी एक्शन प्रेमियों की पहली पसंद है। बेशक फिल्म को तीन दशक हो चुके हैं, लेकिन आज भी इसकी गिनती टॉप एक्शन फिल्मों में होती है। द रॉक की कामयाबी को इस बात से ही समझा जा सकता है कि 75 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से 712 करोड़ रुपए) ) के बजट में बनी फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 335 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से 3184 करोड़ रुपए) से ज्यादा कमाए। 'द रॉक" की कहानी अलकाट्राज जेल पर आधारित है। ब्रिगेडियर जनरल फ्रांसिस हम्मेल (एड हैरिस) अपने मारे गए सैनिकों के परिवारों के लिए न्याय मांगते हुए अलकाट्राज पर कब्जा कर लेता है।



# लॉक अप सीजन-2 का प्रोमो जारी...

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने अपने चर्चित रियलिटी शो 'लॉक अपः सच या सजा' का पहला वीडियो जारी कर दिया है। इस छोटे से वीडियो ने आते ही दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। वीडियो में फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान और अभिनेता रितेश देशमुख जेल के अंदर नजर आ रहे हैं। हालांकि, शो के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इस झलक ने लोगों के मन में कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। इंस्टाग्राम पर जारी किए गए वीडियो में फराह खान और रितेश देशमुख को कैदियों की तरह दिखाया गया है। क्लिप में फराह खान को कैदी संख्या 06 और रितेश देशमुख को कैदी संख्या 27 के रूप में दिखाया गया है। दोनों जेल की कोठरियों में कैद हैं। जेल का माहौल रहस्य और तनाव से भरा है।



# वेलकम टू द जंगल में हंसी का धमाल

**मुंबई।** कॉमेडी और एक्शन वाली 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर 11 जून को रिलीज हो चुका है। फिल्म रिलीज से 15 दिन पहले आए इस ट्रेलर ने आते ही तहलका मचा दिया है जिसमें एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, ड्रामा और सस्पेंस सब कुछ ठूंस-ठूंस कर भरा दिख रहा है। जैसी उम्मीद थी कि 'वेलकम' सीरीज की ये फिल्म हंसी और रोमांच का डबल डोज देने वाली है, ट्रेलर इसपर पूरी तरह से फिट नजर आ रहा है। कहीं-कहीं ट्रेलर की झलकियां देख अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के बीच 'हेरा फेरी' वाली नोंकझोंक भी याद दिलाती नजर आ रही है। कि'वेलकम टू द जंगल' इसी महीने के अंत में 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर लांच के लिए वीआरएफ स्टूडियो की तरफ से भव्य इवेंट लॉन्च किया गया।

## टीवी मसाला



# सैराब में दिखाई जा रही प्रियंका-निक की लव स्टोरी?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो सैराब इन दिनों चर्चा में है, जिसमें एक्ट्रेस मदिराक्षी मुंडले नजर आ रही हैं। कई लोग उन्हें सिया के राम में सीता के किरादर में जानते होंगे और पसंद करते होंगे। लेकिन, अब वह एक मां के रोल में सैराब सीरियल में नजर आ रही हैं, जिसकी कहानी एक पॉप स्टार और एक डॉक्टर की है। हालांकि, जब से शो का पहला प्रोमो आया तब से इसकी तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की लव स्टोरी से की गई। अबमदिराक्षी मुंडले ने कहा- वैसे तो मैं उनकी कहानी से कुछ विशेष परिचित नहीं हूं। यदि कोई समानताएं हैं तो मुझे लगता है कि ये एक संयोग हो सकता है। सैराब एक बहुत रोचक रोमांटिक लव स्टोरी है। नयनिका, जो मेरा किरदार है, और ईशान, जिसे रोहित कर रहे हैं, दो इतने अलग व्यक्तित्व हैं। बहुत समय बाद ऐसा कोई शो शायद आया है जिसे क्लासिकल लव स्टोरी कहा जा रहा है और दर्शकों की प्रतिक्रियाएं भी बहुत जोश भरी हैं। कई लोगों के जीवन में ऐसे योग आते हैं जिनसे उन्हें पर्सनल रूप से कष्ट और दुःख होता है। संभव है ये लोग अपने जीवन में एक और मौके की चाह तो रखते हैं, लेकिन शायद खुले में ये बोल नहीं पाते क्योंकि परिस्थितियां कुछ इस प्रकार की होती हैं। ऐसे में कैसे नयनिका, जो एक डॉक्टर हैं, और ईशान, जो एक रॉकस्टार हैं, एक-दूसरे के निकट आते हैं, सैराब उसी की एक संगीतमय कहानी है।

## गंगा माई की बेटियां सीरियल का बोलबाला

**नई दिल्ली।** टीआरपी लिस्ट में पिछले कुछ हफ्तों से बड़ा उल्टफेर हो रहा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 और अनुपमा जैसे सीरियल्स को नए शोज टक्कर दे रहे हैं। 22वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' ने बाजी मारी है। गंगा माई की बेटियां सीरियल में एक मां और उसकी बेटियों के संघर्ष को दिखाया गया है। इसको 22वें हफ्ते में 1.9 की टीआरपी रेटिंग मिली है, यह सीरियल पहले नंबर पर है। जबकि 21वें हफ्ते में इसको 1.8 की टीआरपी मिली थी। देखा जाए तो 22वें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी में उछाल आया है। सीरियल वसुधा को 22वें हफ्ते में 1.9 की टीआरपी रेटिंग मिली है। यह सीरियल टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। 21वें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी इतनी ही थी। यह सीरियल भी एक साधारण लड़की के सपनों, संघर्ष और प्रेम की कहानी को दिखाता है। तीसरे नंबर पर सीरियल तुम से तुम तक है। इस सीरियल को 22वें हफ्ते में 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। 21वें हफ्ते भी इसकी इतनी ही टीआरपी थी।



# वीर दास होंगे बारह नंबर के निर्देशक स्टारकास्ट का किया ऐलान

**मुंबई।** एक्टर, कॉमेडियन और फिल्ममेकर वीर दास ने अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म 'बारह नंबर' का ऐलान किया है। इस फिल्म में शीबा चड्ढा, अरुणोदय सिंह, एहसास चन्ना और अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार होंगे। यह साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है। दास ने इस साल की शुरुआत में स्पाई कॉमेडी फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था। 'बारह नंबर' के लिए वीर दास एक बार फिर 'हैप्पी पटेल' के को-डायरेक्टर कवि शास्त्री के साथ काम करेंगे। इस फिल्म से वह क्रिएटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़ेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दास भी फिल्म में बतौर एक्टर काम करेंगे। इसमें निहारिका लायरा दत्त, श्रिया पिलगांवकर, सुहैल नय्यर, पूजा स्वरूप और नवीन कौशिक भी शामिल हैं। वीर दास ने बताया 'इस प्रोजेक्ट की सबसे रोमांचक बात यह है कि इसमें ऐसे कलाकार साथ आए हैं, जिनकी मैं तारीफ करता हूं। शीबा, अतुल, अरुणोदय, श्रिया, एहसास, निहारिका, सुहैल और नवीन, हर कोई फिल्म में एक अलग ऊर्जा और असलियत लेकर आता है।' उन्होंने आगे कहा 'हॉरर फिल्म तब अच्छी लगती है जब दर्शकों को हर पल असली लगे और इस कलाकारों की टीम ने कहानी को उस स्तर से कहीं आगे पहुंचा दिया है, जो मैंने इसे लिखना शुरू करते समय सोचा था।' देली बेली, गो गोवा गॉन जैसी फिल्मों और कॉल मी बे जैसी सीरीज में काम करने के लिए मशहूर वीर दास, अपने बैनर जजू प्रोडक्शंस के जरिए 'बारह नंबर' को प्रोड्यूस करेंगे।



# मौनी और जिमी का नया गाना पड़ोसन रिलीज, लिरिक्स पर जमकर बखेड़ा

**मुंबई।** डेविड धवन की कई स्टार्स वाली रोमांटिक कॉमेडी 'है जवानी तो इश्क होना है' बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले अहम हफ्ते के दिनों में भी लोगों का ध्यान खींच रही है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड में शानदार 24 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है, लेकिन ये अब सुस्त होती जा रही है। वहीं, फिल्म के गाने भी धीरे-धीरे रिलीज हो रहे हैं। फिल्म का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है और मौनी रॉय इसमें डांस कर रही हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है। इसमें मौनी रॉय और जिम्मी शेरगिल दिखाई दे रहे हैं और दोनों जबरदस्त डांस भी कर रहे हैं। गाने के लिरिक्स कुछ ऐसे हैं कि 'पत्नी को खिचड़ी खिलाके सुलाने में, भैया जी, लेट कभी होने ना दें और फिर सवेरे तक अपनी पड़ोसन को सोने ना दें!' गाने के कमेंट सेक्शन में एक बार फिर अश्लीलता को लेकर बातें शुरू हो गई हैं। कमेंट सेक्शन में मौनी रॉय की तो खूब



तारीफ हुई है, लेकिन लिरिक्स को लेकर भद भी पिट रही है। एक ने लिखा- इन लोगों की वजह से पड़ोसन भी सेफ नहीं है। एक ने कहा- इसके अलावा कुछ रह गया है कि नहीं। मौनी रॉय का तो कमेंट सेक्शन ऐसी ही बातों से भरा हुआ है। एक ने लिखा- बस यही सुनने को बाकी रह गया है। एक यूजर ने कहा- एक असली सवालः क्या एक्टर्स साइन करने से पहले गाने के बोल सुनते हैं, या रिलीज होने के बाद हम लोगों की तरह उन्हें भी पता चलता है? मतलब, सच में, तुम लोगों को क्या हो गया है? कुछ फैंस ने तो गुस्से में काफी कुछ बोल दिया और फिल्म इंडस्ट्री पर ही सवाल उठाया। एक ने लिखा- मौनी जिमी तो अच्छे हैं लेकिन ये गाना, कितना घटिया है। एक ने कहा- चीप गाना और उससे बकवास फिल्म। अनुभवी फिल्म निर्माता डेविड धवन की निर्देशित 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े लीड रोल्स में हैं, जिसमें मनीष पॉल, चंकी पांडे, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय और राजपाल यादव जैसे कई कलाकार शामिल हैं।

## 4 फिल्मों में चला एक ही गाना, 2 फिल्में हिट, तीसरी ने की बम्पर कमाई

# 49 साल से लोगों के दिलों पर राज कर रहा है ये गाना

*नई दिल्ली। फिल्में आती हैं, जाती हैं और वक्त के साथ कई गाने भी लोगों की यादों से धुंधले पड़ जाते हैं। लेकिन, कुछ गाने ऐसे होते हैं जो हर दौर में खुद को फिर से साबित कर देते हैं। चाहे 70 का दशक हो, 90 का दौर हो या फिर आज का समय, उनका जादू कभी फीका नहीं पड़ता। बॉलीवुड का एक ऐसा ही गाना पिछले 49 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। दिलचस्प बात ये है कि इस गाने ने सिर्फ एक नहीं, बल्कि चार अलग-अलग फिल्मों में अपनी जगह बनाई। जहां-जहां ये गाना पहुंचा, वहां इसने दर्शकों का दिल जीत लिया। हम बात कर रहे हैं सदाबहार हिट गाने 'मुंगड़ा मुंगड़ा' की, जिसका क्रेज आज भी बरकरार है।*

### हेलन पर फिल्माया गया और बन गया सनसनी

'मुंगड़ा मुंगड़ा' पहली बार साल 1977 में रिलीज हुई फिल्म 'इंकार' में सुनाई दिया था। इस गाने को उषा मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी, जबकि इसे हेलन पर फिल्माया गया था। गाना रिलीज होते ही लोगों की जुबान पर चढ़ गया। इसके बोल, संगीत और हेलन के डांस ने ऐसा रंग जमाया कि देखते ही देखते ये उस दौर का सुपरहिट गाना बन गया।

### फिल्म से ज्यादा गाने की हुई चर्चा

विनोद खन्ना और विद्या सिन्हा स्टारर 'इंकार' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा 'मुंगड़ा मुंगड़ा' की हुई। आज भी जब पुराने सुपरहिट गानों की बात होती है तो इस गाने का नाम जरूर लिया जाता है। यही वजह है कि इसे बॉलीवुड के सबसे यादगार गानों में गिना जाता है।

### दूसरी फिल्म में भी चला मुंगड़ा का जादू

साल 1984 में रिलीज हुई फिल्म 'अंदर बाहर' में भी 'मुंगड़ा मुंगड़ा' सुनाई दिया। फिल्म में अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, मुनमुन सेन और किम जैसे सितारे नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही, लेकिन गाने की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई। दर्शकों ने एक बार फिर इस गाने को खूब पसंद किया।



### आज भी लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल

बहुत कम गाने ऐसे होते हैं जो कई पीढ़ियों के बीच अपनी पहचान बनाए रखते हैं। 'मुंगड़ा मुंगड़ा' उन्हीं चुनिंदा गानों में शामिल है। चार फिल्मों का हिस्सा बन चुका ये गाना आज भी शादी-पार्टी और डांस फ्लोर की रौनक बना हुआ है। शायद यही वजह है कि 49 साल बाद भी इसका जादू पहले जैसा कायम है।

### 29 साल बाद फिर बड़े पर्दे पर लौटा

*घायल के बाद इस गाने ने लंबा इंतजार करवाया, लेकिन साल 2019 में ये फिर नए अंदाज में लौट आया। फिल्म 'टोटल धमाल' में 'मुंगड़ा मुंगड़ा' को रीक्रिएट किया गया। इस बार गाना सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्माया गया था। पुराने गाने का तड़का और नए दौर का अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आया। फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और हिट साबित हुई।*

### सनी की सुपरहिट फिल्म तक पहुंचा गाना

इसके बाद साल 1990 में रिलीज हुई 'घायल' में भी 'मुंगड़ा मुंगड़ा' को शामिल किया गया। सनी देओल, मीनाक्षी शेषाद्रि और अमरीश पुरी स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। करीब 2 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म ने कई बड़े अवॉर्ड भी जीते और उस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### 56 हितग्राहियों के पीएम आवास योजना के कार्यादेश जारी



**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ के 56 हितग्राहीयों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यादेश जारी किया। इस पर लम्बे समय इंतजार कर रहे हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यादेश जारी होने पर हितग्राहियों को पक्के मकान के निर्माण की आधिकारिक मंजूरी मिल जाती है। कार्यादेश एक आधिकारिक पत्र या दस्तावेज़ होता है जो स्थानीय निकाय द्वारा जारी किया जाता है। इसमें यह प्रमाणित होता है कि आपका नाम स्वीकृत सूची में शामिल है और अब आप तय डिज़ाइन के अनुसार अपना पक्का मकान बना सकते हैं।

### राहौद में पूर्व डिप्टी सीएम का हुआ गर्मजोशी से स्वागत



**राहौद।** जांजगीर-चांपा विधानसभा एवं पामगढ़ विधानसभा प्रवास के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का राहौद नगर में कांग्रेसजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह , बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे , ब्लॉक अध्यक्ष नवल सिंह ठाकुर राघवेंद्र प्रताप सिंह रामकुमार पटेल , माधुरी आदित्य ,पहुंचे। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष संतोष गुप्ता के निवास पहुंचकर उनसे भेंट-मुलाकात की तथा क्षेत्र की राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर चर्चा किया। इसके पश्चात वे नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि प्रहलाद देवांगन के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात करते हुए कांग्रेस संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत संवाद किया। टीएस बाबा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक विषयों कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने, आपसी एकजुटता बनाए रखने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और सभी को मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप लक्ष्मण देवांगन, राजेंद्र गुप्ता घनश्याम देवांगन, सजेंद्र मनहर, परम कुमार कुर्रे, श्रीमती तेजबाई देवांगन, उषा टंडन सुमित कश्यप, भवानी चंदेल, शिवधन केवट, राजेश सोन अभयराम देवांगन राजेश मनहर,जयमन बंजारे, हरिश देवांगन,गोपाली यादव तथा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में आरोही का हुआ चयन

**जांजगीर-चांपा।** नगर के वार्ड क्रमांक-6 निवासी आरोही यादव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय



कुनकुरी में हुआ है। आरोही ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु जानो एवं माता पिता को दिया है। आरोही शिक्षक जगराम यादव एवं श्रीमती मनीषा यादव की पुत्री है। आरोही के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर परिजनों सहित वार्डवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री पहुंचे पोच, समूह की महिलाओं से मुलाकात कर जाना हालचाल



**बलौदा ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव का आगमन बलौदा विकास खंड के गांव पोंच में सरपंच अजय राठौर के निवास पर विधायक राघवेन्द्र सिंह के साथ हुआ, जहां कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। बाबा ने सरपंच के परिवार जनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं व महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर हाल चाल जाना समुह की महिलाओं से रुबरु होते हुए उनकी समस्या से अवगत होकर निदान की हर संभव प्रयास करने की बात कही। सरपंचो की समस्या सहित जनहित से जुड़े मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ता से बातचीत कर संगठन के लिए काम करने की बात कही गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सदन यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्हैया राठौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक अरोरा, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि जगत, गिरी लाल साहू, मनोज कश्यप, अंकित सिंह, हर्ष वर्धन सिंह, गगन गुरूद्वान, सरपंच गण नवल सिंह, पितेश शुक्ल, नरेंद्र सिंह, अक्षय पटेल, पंचराम, शतुहन साहू, रमेश राठौर, हरिकांत, राकेश राठौर, कमलेश राठौर, अनूज साहू सहित ग्राम एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद थे।

ग्राम पंचायत गोधना का मामला, नहर पाटने से सिंचाई व्यवस्था पर मंडराया संकट

# अवैध रुप से हो रहा मुरुम का उत्खनन वाहनों को लाने-ले जाने पाट दी नहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखंड के आदर्श ग्राम गोधना में अवैध मुरूम उत्खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा निजी उपयोग एवं मकान निर्माण के लिए रात के अंधेरे में ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर मुरूम की खुदाई किए जाने की शिकायत मिली है। इस अवैध गतिविधि के कारण क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद उत्खनन कार्य जारी रहने से प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोगों द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति के मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय जेसीबी और ट्रैक्टरों की मदद से मुरूम निकालकर मकान निर्माण कार्यों में उपयोग किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पर आपत्ति जताई, लेकिन संबंधित लोगों ने उनकी बातों को नजरअंदाज करते हुए उत्खनन का कार्य नहीं रोका। ग्रामीणों के अनुसार कॉलोनी के पीछे स्थित नहर को मुरूम डालकर पाट दिया गया है, ताकि वाहनों की आवाजाही आसान हो सके और उत्खनन किए गए मुरूम को निकाला जा सके। इससे नहर का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो गया है। वहीं बिलासा तालाब के पास स्थित नहर की पुलिया को भी नुकसान पहुंचाए जाने की बात सामने आई है, जिससे विभागीय अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। इस मामले को लेकर नहर विभाग के टाइमकीपर मेकल दास साहू ने शिकायत दर्ज कराते हुए ग्राम पंचायत से नहर में डाले गए मुरूम को तत्काल हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि आगामी बारिश के मौसम में इसी नहर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जानी है। मेकल दास साहू ने बताया कि यदि समय रहते नहर की सफाई नहीं की गई तो बरसात के दौरान जल प्रवाह बाधित होगा।



वाहन को लाने ले जाने मरुम डालकर पाटा गया नहर।

#### नहर जाम होने से किसानों में बढ़ी चिंता

नहर के जाम होने से क्षेत्र के किसानों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि यदि बारिश के पहले नहर को साफ नहीं कराया गया तो खेतों तक पानी पहुंचाने में परेशानी होगी। इससे खरीफ सीजन की फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही गांव के जलस्रोतों के संरक्षण पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

#### ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध मुरूम उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा नहर और क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं उठाए गए तो बरसात के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

#### नहर से मुरुम हटाना जरुरी

नहर में डाले गए मुरूम को जल्द हटाना आवश्यक है। इसी नहर से तालाबों और खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। बरसात से पहले इसकी सफाई नहीं हुई तो जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होगी।

-मेकल दास साहू,
टाइमकीपर, नहर विभाग



## लाखों की फेंसिंग तार की चोरी, देखरेख के अभाव में सूख गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहेराडीह

बलौदा ब्लॉक के अंतर्गत जाटा पंचायत और बहेराडीह की सीमा से लगे कोसमंदा गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कर पंचायत ने पौध रोपण के लिए वन विभाग को दिया है। करीब दस साल पहले वन विभाग ने पौध रोपण कराया था और पौधों की सुरक्षा के लिये लाखों रूपये खर्च करके लोहे की तार और सीमेंट की खम्बे से फेंसिंग कराया था, मगर विभाग की उदासीनता और देखरेख के आभाव में हजारों पेड़ सूख गए है। वहीं दूसरी तरफ फेंसिंग तार की चोरी भी हो गईं। वन विभाग एक बार फिर से पौध रोपण के नाम पर हजारों पौधे लगाने के लिए गड्ढे की खुदाई का काम पूरा कर लिया और फेंसिंग तार लगाने की तैयारी कर रहीं है। उल्लेखनीय है कि पौध रोपण के नाम पर वन विभाग हरेक साल लाखों रूपये खर्च करतीं है, जिसमें पौध रोपण के लिये गड्ढे की खुदाई,बीज,पौधा का नर्सरी, खाद और सुरक्षा के लिये फेंसिंग तार आदि शामिल है। मगर विभाग की उदासीनता और देखरेख के आभाव में हजारों पेड़ सूख जाते है और कुछ बचे हुये पौधों को मवेशी खा जाती है। इसके साथ पौधों के सुरक्षा के लिये लगाई गईं लाखों रूपये की लागत से फेंसिंग तार की चोरी कर लीं जाती है।

- पौध रोपण के नाम पर एक बार फिर लाखों रूपये फूंकने की तैयारी

**एक ही जमीन पर अब तीसरे बार पौधे रोपण करने की तैयारी**-वन विभाग जहां इस समय पौध रोपण का काम शुरू किया है। वहां अब तक दो बार पौध रोपण का काम पहले भी हो चुका है। करीब पंद्रह साल पहले इस पौध रोपण स्थल पर दो बोर खनन भी कराया गया था। बोर खनन होने के करीब पंद्रह साल बाद भी सबमरसिबल मशीन नहीं लगाई गई।

## स्वास्थ्य, फिटनेस और जनभागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना मैराथन दौड़ का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' थीम के तहत जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती द्वारा आज जिला मुख्यालय सक्ती में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य, फिटनेस और जनभागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मैराथन दौड़ का शुभारंभ सुबह 6:30 बजे सेजेस स्कूल सक्ती से हुआ। पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर एवं जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन की उपस्थिति में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियो और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लिया। निर्धारित मार्ग के अनुसार मैराथन सेजेस स्कूल से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, गौरव पथ, बुधवारी बाजार, राजापारा चौक, शनि मंदिर चौक एवं मालखरौदा बस स्टैंड होते हुए पुनः सेजेस स्कूल पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।कार्यक्रम के दौरान सेजेस स्कूल परिसर में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन सहित विभिन्न अधिकारियों ने क्रिकेट खेलकर खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया तथा युवाओं और नागरिकों को नियमित रूप से खेलों से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, बालेश्वर राम, रामनरेश यादव, राम अवतार अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सक्ती में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सोमवार 15 जून की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी। आईटीआई सक्ती के प्रभारी चन्द्रेश दिव्य ने बताया कि शासकीय आईटीआई सक्ती में फिटर, विद्युतकार, कोपा एवं सिलाई टेक्नोलॉजी व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भलीभांति अध्ययन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में आईटीआई सक्ती से संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सक्ती जिले में जारी हुआ प्रथम डिजिटल विवाह प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मालखरौदा

ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बन्दोरा ने डिजिटल सुशासन एवं नागरिक सेवा वितरण के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय और प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की है। ग्राम पंचायत बन्दोरा की सक्रिय पहल, नवाचारपूर्ण कार्यशैली तथा तकनीक के प्रभावी उपयोग के परिणामस्वरूप सेतु ऐप के माध्यम से सक्ति जिले में प्रथम डिजिटल विवाह प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर नवविवाहित दंपती को जिला कलेक्टर द्वारा डिजिटल विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत बन्दोरा ने सदैव जनहितकारी योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाई है। पंचायत द्वारा शासन की डिजिटल पहल को गंभीरता से अपनाते हुए नागरिकों को आधुनिक एवं सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिले का पहला डिजिटल विवाह प्रमाण पत्र जारी होना इसी दूरदर्शी सोच और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का परिणाम है। डिजिटल विवाह प्रमाण पत्र जारी होने से विवाह पंजीयन प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी। नागरिकों को दस्तावेज प्राप्त करने के लिए अनावश्यक कार्यालयी प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी तथा प्रमाण पत्र का सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड भविष्य में भी आसानी से उपलब्ध रहेगा। । इस उपलब्धि के पीछे ग्राम पंचायत बन्दोरा के सरपंच नवधा राम वर्मा (लालू) के नेतृत्व, समर्पण और सतत प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

- ग्राम पंचायत बन्दोरा ने डिजिटल सुशासन की दिशा में हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि



नवविवाहित दंपती को डिजीटल प्रमाण पत्र देते कलेक्टर।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तुसमा

ग्राम तुस्मा के साहू निवास में सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक वातावरण और भक्ति रस से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। कथा के शुभारंभ अवसर पर व्यासपीठ पर विराजमान साध्वी देवी प्रियंका शास्त्री रथ में सवार होकर कलश यात्रा में शामिल हुईं।

कथा स्थल से भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा ने पूरे ग्राम का भ्रमण किया। श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया, वहीं युवा और ग्रामीणजन भी यात्रा में बढ़-चढ़कर शामिल हुए। कलश यात्रा का प्रारंभ लिंगेश्वर महादेव ज्योदगीर से हुआ। यहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के बाद यात्रा ग्राम भ्रमण के लिए निकली। ग्राम भ्रमण के पश्चात कलश यात्रा देवतहा तालाब डोंगिया पहुंची, जहां विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पवित्र जल कलशों में भरकर पुनः कथा स्थल की ओर प्रस्थान किया। कथा स्थल पहुंचने पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए साध्वी देवी प्रियंका शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य जीवन को सही दिशा प्रदान करती है।



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने माउंट एवरेस्ट विजेता का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चांपा

विश्व के सर्वोच्च शिखर माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह कर प्रदेश एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाने वाली ख्यातिप्राप्त पर्वतारोही अमिता श्रीवास का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र द्विवेदी के निवास पर आत्मीय एवं गरिमामय अभिनंदन किया गया

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष रविन्द्र राठौर, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री भुवनेश्वर देवांगन, जिलाध्यक्ष डॉ रविन्द्र द्विवेदी तथा जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। अभिनंदन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी ने पर्वतारोही अमिता श्रीवास का कौसेय वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया तथा उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प एवं अनुकरणीय उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष रविन्द्र राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अमिता श्रीवास की उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समूचे प्रदेश और देश के लिए गौरव का विषय है। उनकी यह उपलब्धि युवा पीढ़ी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने कहा कि माउंट एवरेस्ट की चोटी तक पहुंचने के पीछे वर्षों का कठिन परिश्रम, संघर्ष, अनुशासन और त्याग छिपा हुआ है। अमिता श्रीवास ने न केवल विश्व की सबसे ऊंची चोटी को फतह किया है, बल्कि लाखों लोगों के हृदयों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस प्रदान करेगी। प्रदेश महामंत्री भुवनेश्वर देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि अमिता श्रीवास ने छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। हमें उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र जायसवाल ने कहा कि अमिता श्रीवास की सफलता युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मविश्वास का सशक्त उदाहरण है।



पर्वतारोही अमिता का कौसेय वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते छग शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए प्रशिक्षण आयोजित

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जानकारी जुटाने विशेष टीमों का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अकलतरा

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर तथा कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के निर्देशानुसार विकासखंड अकलतरा में दिव्यांग बच्चों के व्यापक सर्वेक्षण हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 11, 12 एवं 15 जून को कार्यालय विकासखंड स्त्रोत केंद्र (बीआरसी) अकलतरा के प्रशिक्षण हॉल में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सर्वेक्षण दल गठित कर 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन एवं आवश्यक जानकारी एकत्रित करना है। सर्वेक्षण दल में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा शिक्षक/व्याख्याता को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस ने प्रतिभागियों को 21 प्रकार की दिव्यांगताओं की जानकारी देते हुए शासन द्वारा दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न योजनाओं, सुविधाओं एवं सहायक उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा शासन की सुविधाओं से वंचित न रहे, इसके लिए सर्वेक्षण कार्य पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए। मास्टर ट्रेनर श्रीमती अंजना घोष एवं श्रीमती रामकली सांते ने दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों, पहचान की प्रक्रिया तथा सर्वेक्षण के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही दिव्यांग बच्चों के विद्यालयों में प्रवेश, नियमित उपस्थिति एवं ठहराव सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में विकासखंड के सभी शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक/व्याख्याता तथा संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने भाग लिया।



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक।

## बम्हनीडीह ब्लॉक के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शोकाकुल परिवार को दी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिर्रा

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिलादेही में अंशकालीन सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत राजन कर्ष का गत दिनों करंट की चपेट में आने से असामयिक निधन हो गया। इस दुःखद घटना से परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। दुःख की इस घड़ी में विकासखंड बम्हनीडीह के संकुल केन्द्र बिर्रा, संकुल केंद्र सिलादेही, संकुल केंद्र तालदेवरी, संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा, और संकुल केंद्र सेमरिया के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए शोकाकुल परिवार को 27 हजार 500 रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की हैं। वरिष्ठ शिक्षक छवि कुमार पटेल ने कहा कि यह सहयोग



राशि दुःख की इस घड़ी में परिवार के लिए एक छोटा सा सहारा है। शिक्षकों द्वारा किया गया यह सहयोग समाज में आपसी सहयोग, एकता और मानवता की भावना को मजबूत करने वाला सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक गुरुप्रसाद भतपरे, छबि कुमार पटेल, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन, फिरत राम केंवट, मुकुंद राम कश्यप, रितेश कुमार कश्यप, प्रीतम खूंटे, तुलेश्वर कुमार देवांगन, रामेश्वर पटेल, रामकृष्ण डडसेना सहित शिक्षक गण बड़ी संख्या में उपस्थित है